



# जिला चिकित्सालय में खर्च राशि की होगी जांच

## कलेक्टर के निर्देश पर सीएमएचओ ने प्रभारी सिविल सर्जन को तीन सदस्यीय टीम को जांच करने के लिए कहा, मचा हड़कंप

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 सितम्बर। जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में पिछले दो साल के दौरान रोगी कल्याण समिति राशि में हुई बंदरबांट का मामला काफी गरमा गया है। कलेक्टर के निर्देश पर सीएमएचओ ने प्रभारी सिविल सर्जन को निर्देशित कर तीन सदस्यीय जांच टीम गठित करने के लिए कहा है। सीएमएचओ की इस निर्देश से जिला चिकित्सालय में हड़कंप मचा है।**

दरअसल आरोप है कि जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में पिछले दो वर्षो के दौरान रोगी कल्याण समिति की राशि में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार एवं राशि अनियमितता करते हुये बंदरबांट की गई है। तत्कालीन सिविल सर्जन ने अपने एक चहेते ऑपरेटर के सहारे रोगी कल्याण समिति की राशि में गड़बड़ झाला कराने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहा है। आरोप तो यहां तक लग रहे हैं कि ऑपरेटर ने कई दुकानों का फर्जी बिल व्हाउचर का ईस्तेमाल कर राशि में हेरफेर किया है।

वही पिछले दो साल के दौरान डीजी में डीजल के इस्तेमाल को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं की जा रही हैं। सूत्र तो यहां तक बता रहे हैं कि डीजी में डीजल के नाम पर 10 लाख रूपये से अधिक खर्च कर दिया गया। इसमें कितनी सच्चाई है, निष्पक्ष जांच के बाद ही पता चल पाएगा। वहीं जिला चिकित्सालय में इलेक्ट्रोनिक सामग्री खरीदी अस्पताल में मरम्मत कार्य के अलावा फॉल सिलिंग, टीन सेड निर्माण के साथ-साथ अन्य मदों में अनियमितता करने की बू आ रही है।

मामला सामने आने पर कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने सीएमएचओ को निर्देशित कर उक्त मामले की जांच कराने के लिए कहा है।

वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पराज सिंह ठाकुर ने प्रभारी सिविल सर्जन, जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर को निर्देश दिया है कि तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर एक-एक बिन्दुओं की जांच कराते हुये प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। हालांकि अभी सिविल सर्जन ने जांच टीम गठित नही किया है। उन्होने ने बताया है कि उक्त आरोपों के जांच के लिए जल्द ही जांच टीम गठित की जाएगी। सीएमएचओ ने सोमवार को इस संबंध में चर्चा की है।




### 8 महीने बाद भी नहीं सौंपा आहार लिपिक का प्रभार

पिछले माह सेवानिवृत्त हुये जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न के सिविल सर्जन अपने कार्यकाल के दौरान कुछ चहेते स्टाफ पर मेहरवान थे। 8 जनवरी को तत्कालीन सीएमएचओ डॉ. एनके जैन से सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक को एक आदेश जारी किया था कि आहार लिपिक (स्टूवर्ड) का प्रभार नर्सिंग ऑफिसर जिला चिकित्सालय के उर्मिला जायसवाल को सौपे हैं। सीएमएचओ ने क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रीवा के निर्देश का हवाला दिये थे। लेकिन सीएमएचओ के उक्त निर्देश के बावजूद तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ. देवेन्द्र सिंह ने आहार लिपिक का प्रभार नर्सिंग ऑफिसर को नही सौपा, बल्कि कम्प्यूटर ऑपरेटर पर मेहरवान रहे। इसके पीछे कारण क्या है, यह तो बता पाना मुश्किल है, लेकिन अस्पताल परिसर में तरह-तरह की चर्चाएं अभी भी चल रही हैं।

### इनका कहना :-

इस संबंध में प्रभारी सिविल सर्जन को तीन सदस्यीय जांच टीम गठित करने के लिए निर्देश दिये गये हैं। यह निर्देश बीते दिन कल सोमवार को दिया गया है। जांच उपरांत प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। इसमें कितनी अनियमितताएं हुई हैं, या नही यह तो जांच रिपोर्ट आने के बाद पता चल पाएगा।

**डॉ. पुष्पराज सिंह ठाकुर**
सीएमएचओ, सिंगरौली

### इनका कहना :-

सीएमएचओ के यहां से जांच टीम गठित करने के लिए मौखिक निर्देश मिला है। शीघ्र ही जांच टीम गठित की जाएगी। आज कुछ रिकॉर्डो का अवलोकन की है। विस्तृत जांच कराई जाएगी। डीजी में डीजल उपयोग का लॉक बुक का भी अवलोकन की हूॅ।

**डॉ. कल्पना रवि**
प्रभारी सिविल सर्जन
जिला चिकित्सालय, सह ट्रामा सेंटर-बैढ़न

# 170 शीशी प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ दो नशेड़ी गिरफ्तार

## माड़ा पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक सवार आरोपियों को दबोचा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 सितम्बर। सरई थाना क्षेत्र के सुलियरी में पुलिस ने घेराबंदी करते हुये मोटरसाइकिल सवार दो आरोपियों के कब्जे से प्रतिबंधित कोडिनयुक्त कफ सिरप 170 शीशी जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

माड़ा पुलिस के मुताबिक मुखबिरों के जरिये सूचना मिली कि मोटरसाइकिल से दो युवक नशीला प्रतिबंधित कफ सिरप माड़ा के सुलियरी तरफ जा रहे थे। इस सूचना के आधार पर टीआई शिवपूजन मिश्रा ने पुलिस टीम रवाना किया। जहां पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुये मोटरसाइकिल सवार युवको को दबोच कर तलाशी लेते हुये पूछतांछ की गई। आरोपी सुरेश गुप्ता पिता श्याम मुरारी गुप्ता उम्र 32 वर्ष हाल निवासी माड़ा राजेश गुप्ता पिता भरतलाल गुप्ता उम्र 25 वर्ष निवासी परसौना के कब्जे से 170 शीशी प्रतिबंधित कोडिनयुक्त कफ सिरप जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### मछली पकड़ना युवक को पड़ा भारी, लगा करंट

बरका पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम सर्राटोला निवासी एक युवक नदी में करंट फैला कर मछली मार रहा था। उसका जहां पैर फिसलने से नदी में समा गया और करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम सर्राटोला निवासी शिवप्रसाद पिता संतराय यादव उम्र 18 वर्ष आज दोपहर के समय नदी के पानी में करंट लगाकर मछली मार रहा था। तभी उसका पैर फिसला और नदी में समा गया, जहां करंट के चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। वहीं आसपास मौजूद लोग जब तक शिवप्रसाद को बचाते, तब तक में उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना बरका पुलिस को दी गई। पुलिस मौके से पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### एक नजर में

#### सब जूनियर कुराश राष्ट्रीय प्रतियोगिता आज से छग में



**सिंगरौली।** विगत दिनों दतिया में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर कुराश प्रतियोगिता में जिले के तीन खिलाड़ियों का राष्ट्रीय सब जूनियर कुराश प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ था। टीम कोच अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी खुशबू साकेत के नेतृत्व में सिंगरौली की टीम आज प्रातः शक्तिपुंज से जबलपुर होते हुए छत्तीसगढ़-रायपुर रवाना हो गए हैं। उपरोक्त खिलाड़ी म.प्र. का प्रतिनिधित्व करते हुए रायपुर /छत्तीसगढ़ 10 से 13 सितंबर तक आयोजित हो रही राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना दम खम दिखाएंगे।

#### सिक्की कला ने खोली रोजगार की नई राह

**सिंगरौली।** सरई तहसील अंतर्गत धिरौली एवं सुलियरी परियोजना के पड़ोस के गांवों में अदाणी फाउंडेशन द्वारा बिहार में नेपाल की सीमा से सटे इलाकों की लुप्त होती मनमोहक सिक्की कला को पुनर्जीवित करने की कोशिश की जा रही है। सिक्की कला से बननेवाली कलाकृतियाँ न केवल बेहद खूबसूरत होती हैं, बल्कि महिलाओं को स्वरोजगार भी उपलब्ध कराने में सक्षम है। इस दिशा में अदाणी फाउंडेशन द्वारा आसपास के गांवों अमरईखोह, आमडांड़, बजौड़ी एवं झलरी की 30 महिलाओं और लड़कियों को बिहार के सिक्की आर्ट के मशहूर कलाकार दिलीप कुमार एवं उनकी टीम के द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षित किया गया है। कलाकारों की जीवन शैली में बदलाव और पहचान दिलाने के लिए अदाणी फाउंडेशन द्वारा, साथ बढ़ो कार्यक्रम के माध्यम से भारत के हर कोने से बनाई जा रही आर्ट को पहचान एवं सम्मान देने के कार्य किया जा रहा है।



# कचरा वाहन समय पर कॉलोनियों में पहुंचे इसकी निगरानी रखे : रूपाली

## सहायक आयुक्त ने वार्ड 40 का किया भ्रमण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 सितम्बर। नगर पालिक निगम सिंगरौली की सहायक आयुक्त एवं नोडल अधिकारी स्वच्छता रूपाली द्विवेदी के द्वारा वार्ड पार्षद सीमा जायसवाल के साथ संयुक्त रूप से वार्ड क्रमांक 40 के विभिन्न कॉलोनियो, सार्वजनिक स्थलो के साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया गया।**

सहायक आयुक्त ने वार्ड के साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन करने के पश्चात स्वच्छता निरीक्षक को वार्ड कॉलोनियों में नियमित साफ-सफाई कराने के साथ सार्वजनिक स्थलों में दोनों टाईम सफाई करायें। उन्होंने नालियों की सफाई कराने एवं नालियों की गाद निकासी के बाद तत्काल उसका उठाव कराये तथा कीटनाकशक दवाओं का छिड़काव भी कराये। सहायक आयुक्त ने निर्देशित किया कि घरो से निकलने वाले सूखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग करने के लिए नागरिको को प्रेरित करे तथा यह भी समझाइस दे कि नागरिक अपने घरो से निकालने वाले कचरे को निगम द्वारा संचालित कचरा वाहन में डाले, उन्होंने कहा कि इसकी लगातार मॉनिटरिंग करे कि कचरा वाहन समय पर कॉलोनियों में पहुंचे, इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद सीमा जायसवाल के द्वारा दिए गए सुझावो पर भी अमल करने के निर्देश दिए गए, ताकि वार्ड की बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था बनी रहे तथा वार्ड दिखने में स्वच्छ एवं सुन्दर दिखे। इस दौरान स्वच्छता निरीक्षक विशाल सोनी, सफाई दरोगा अशोक त्रिपाठी सहित सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# छात्रवृत्ति न मिलने से छात्रों ने रैली निकाल कर किया प्रदर्शन

## 15 सूत्रीय मांग पत्रों को लेकर डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, प्रदर्शन में अजा, अजजा एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राएं रहे शामिल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 सितम्बर। जिला मुख्यालय बैढ़न में आज दिन मंगलवार को छात्रवृत्ति की मांग सहित 15 सूत्रीय विभिन्न समस्याओं को लेकर के एससी-एसटी और पिछड़ा वर्ग के छात्रों ने सिंगरौली में कलेक्ट्रोरेट के सामने प्रदर्शन किया और 15 मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।**




अनुसूचित जाति-जनजाति संगठन के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर कोल ने बताया कि जिले में छात्रों को बेहद समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां छात्रों को सरकार द्वारा मिलने वाली छात्रवृत्ति 2024-25 बजट के कारण अब तक नहीं मिल पाई है, इसके अलावा मांग की गई है कि पिछड़ा वर्ग छात्रावासों की सीट को 50 से बढ़कर 100 किया जाए और साथ में हॉस्टल में मैस की भी व्यवस्था महाविद्यालय की तरह की जाए। उन्होंने यह भी बताया कि बलियरी का जो छात्रावास है, वह भारत गैस गोदाम के ठीक बगल में है और पूरी तरह से जर्जर स्थिति में है। गैस गोदाम से निकलने वाली गैस लगातार हॉस्टल में रह रहे छात्रा भयभीत रहते हैं, कभी भी यहां कोई बड़ा हादसा हो सकता है, इसलिए इसे कहीं और शिफ्ट किया जाए। इसके अलावा छात्रावासों के निरीक्षण के लिए एक शैक्षिक प्रशासनिक टीम का गठन किया जाए, जिससे छात्रावास में चल रही गतिविधियों को ठीक किया जाए, लैपटॉप वितरण योजना में सड़कों का परिवर्तन करके एससी-एसटी मेघावी छात्रों की प्रतिशत को 75 प्रतिशत से घटकर 60 प्रतिशत किया जाए, इसके अलावा जिले में संचालित जूनियर-सीनियर बालक छात्रावास में स्पोकेन इंग्लिश की कोचिंग प्रारंभ की करवाई जाए। इन मांगों के सहित कुल 15 मांगों का ज्ञापन छात्रों ने सौंपा है। सभी छात्रावासों पुस्तकालय भवन का निर्माण हो, भोजन के लिए एक व्यवस्थित मेनू तैयार हो और छात्रावासों में भोजन की व्यवस्था कराई जाये। कन्या छात्रावास में सीसीटीव्ही कैमरे का समय-समय पर मरम्मत कराया जाये।

# बीजपुर में सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

**रिहंदनगर 9 सितम्बर। एनटीसी रिहंद के सतर्कता विभाग द्वारा तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आदर्श शिक्षा निकेतन, बीजपुर में सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 1 से 12वीं तक के लगभग 550 छात्र-छात्राएँ तथा विद्यालय के प्राचार्य शामिल रहे।**




समारोह के दौरान छात्रों को ईमानदारी, पारदर्शिता, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही तीन माह तक चलने वाले अभियान के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं, गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी विस्तारपूर्वक साझा की गई। ताकि विद्यार्थी इस अभियान में बढ़चढ़कर भाग लें और समाज में नैतिकता एवं स्वच्छ छवि को बढ़ावा दें।

# नसबंदी के बाद भी महिला ने बच्चे को दिया जन्म

## कलेक्टर से क्षतिपूर्ति राशि दिलाए जाने की मांग

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 सितम्बर। बैढ़न विकासखण्ड के ग्राम चाचर निवासी संतोष कुमार शाह ने आज कलेक्टर के जनसुनवाई में एक आवेदन पत्र दिया और आरोप लगाया कि नसबंदी के बाद भी पत्नी ने चौथे बच्चे को जन्म दिया है। यह मामला 12 अक्टूबर 2016 का है। आज तक महिला को क्षतिपूर्ति की सहायता राशि नही मिल पाई है।**

कलेक्टर के यहां आवेदन पत्र देते हुये संतोष कुमार शाह ने बताया कि मेरी पत्नी रामरती का एलटीटी ऑपरेशन 30 जनवरी 2016 को जिला चिकित्सालय में किया गया था। ऑपरेशन के करीब 10 महीने यानी 12 अक्टूबर 2016 को चौथा बच्चा जन्मा। इसके बारे में जिला चिकित्सालय में कई बार आवेदन पत्र देकर क्षतिपूर्ति सहायता राशि दिलाये जाने की मांग की गई, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने एक भी नही सुनी। पीड़ित ने कलेक्टर के यहां शिकायत किया, कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देश जारी कर त्वरित कार्रवाई करने के लिए कहा है।

# विद्यार्थियों की शिक्षा केवल संसाधनों से बाधित न हो : इंदु

नवभारत न्यूज

**अनपरा 9 सितम्बर। दिशिता महिला मंडल रेनुसागर द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया।**




इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में अध्ययनरत प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान करना और उनकी शिक्षा यात्रा को सुगम बनाना है। साइकिल वितरण का कार्यक्रम दिशिता महिला मंडल रेनुसागर के कार्यालय के प्रांगण में सोमवार को आयोजित किया गया। जिसमें पड़रवा एवं लोझरा के 11 मेधावी विद्यार्थियों को महिला मंडल द्वारा साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की वरिष्ठ सदस्या इंदु सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी मेधावी विद्यार्थियों की शिक्षा केवल संसाधनों की कमी के कारण बाधित न हो। यह पहल ऐसे ही प्रयासों की एक कड़ी है। कार्यक्रम में दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की सदस्याएं मौजूद रही।

# क्लाउड टेक कंपनी पर श्रमिकों का आर्थिक शोषण के आरोप

## खाता में राशि पहुंचते ही वसूला जाता है 10 हजार रुपए नजराना, मामला एनसीएल ब्लॉक गोरबी-बी का

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 सितम्बर। एनसीएल बी-ब्लॉक गोरबी में काम कर रही क्लाउड टेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के दो सुपरवाइजर के द्वारा फोक मशीन ऑपरेटरो के वेतन भुगतान में जमकर फर्जी वाड़ा का खेल किया जा रहा है।**

दोनों सुपरवाइजर के द्वारा मजदूरों का पासबुक, एटीएम, चेक बुक जबरन अपने पास रख लिया गया है और खाते में 20 हजार रुपए आता है तो जबरन 10560 रुपए नगद देकर और पैसा दोनों सुपरवाइजर ले लेते हैं। कंपनी के इन दोनों कर्मचारियों से त्रस्त होकर फोक मशीन ऑपरेटर कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचकर आवेदन देते हुए कार्यवाही की पुरजोर मांग की है। उक्त कंपनी में काम कर रहे विजय कुमार पनिका और अंजनी कुमार पनिका कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया कि पिछले दो वर्ष से क्लाउड टेक प्राइवेट लिमिटेड हरियाणा की कंपनी एनसीएल गोरबी ब्लॉक-बी में फोक मशीन ऑपरेटर के पद पर कार्य कर रहे हैं। कंपनी से हम लोगों की मजदूरी पीएफ कटौती करने के बाद लगभग 20 हजार रुपए बनती है, लेकिन हम लोगों को कंपनी के सुपरवाइजर विनीत कुमार और श्रीनिवास दुबे के द्वारा आर्थिक शोषण करते हुए मात्र 10560 का भुगतान दिया जाता है और बाकी का हम लोगों से बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, चेक बुक जबरन अपने पास रख लिया गया है तथा खाते से एटीएम के माध्यम से पैसा निकाल कर 10560 रुपए नगद देकर बाकी की राशि को अपने पास रख लेते हैं। कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया गया कि हम लोगों के द्वारा कई बार संपूर्ण मजदूरी भुगतान के लिए कहा गया तो धमकी दी जाती है कि काम से निकाल देंगे। अगर एक दिन की छुट्टी ले लिए तो उसका भी मजदूरी उक्त 10560 रुपए में से ही काट ली जाती है, जबकि कंपनी का मैसेज पूरे पैसे का मेरे मोबाइल पर आता है। इस तरह से उक्त दोनों व्यक्तियों के द्वारा हम लोगों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। जिससे हम गरीब आदिवासी लोग काफी परेशान हैं। हम लोग पूर्व में एनसीएल के अधिकारियों से भी शिकायत किया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है।

# भूमि में अतिक्रमण कर जान से मारने की मिल रही धमकी

## महिला ने कलेक्टर से की शिकायत, चितरंगी तहसील क्षेत्र का मामला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 सितम्बर। जिले के तहसील चितरंगी अंतर्गत ग्राम मानिकपुर में आराजी नंबर 915/1 रकवा 0.20 हेक्टेयर में सरहंगता पूर्वक जमीन पर अतिक्रमण कर जान से मारने की धमकी मिल रही है।**

पीड़िता ने तहसील और थाना का चक्कर लगाते हुए थक चुकी है, इसके बावजूद महिला को कहीं न्याय नहीं मिल पा रहा था। जिससे महिला परेशान होकर आज दिन मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।



तहसील चितरंगी के ग्राम मानिकपुर निवासी ममता त्रिपाठी पति स्व. राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी ने कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचकर आवेदन देते हुए कहा कि मेरी ग्राम मानिकपुर स्थित आराजी नंबर 915/1 रकवा 0.20 हेक्टेयर की भूमि मेरे एवं मेरे बच्चों के नाम है। जिसमें मेरा कब्जा वर्ष 2024-25 तक था, लेकिन बीते 17 अगस्त को अनावेदक गण श्याम सुंदर तिवारी वगैरह निवासी मानिकपुर के द्वारा सरहंगता पूर्वक उक्त आराजी में जबरन अतिक्रमण कर लिया गया है। पीड़िता ने बताया कि बीते 18 अगस्त को चितरंगी थाना में भी शिकायत की थी। इसके अलावा हल्का पटवारी अशोक बैस को मौके से घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया था। हल्का पटवारी ने 19 अगस्त को सीमांकन कर स्थल पंचनामा तैयार किया गया था।




# मोटा अनाज खाइए, स्वस्थ रहिए : रामनिवास

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 सितम्बर।** कोदो, कुटकी, सांवा मोटा अनाज खाइए, स्वस्थ रहिए म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्व सहायता समूहों के द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है। उक्त बाते सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने आज कलेक्ट्रेट पहुंच स्व सहायता समूहों के द्वारा निर्मित उत्पाद मोटे अनाजों का अवलोकन करते हुये कही। उन्होंने स्व सहायता समूहों के महिला सदस्यों से मोटे अनाज के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल करते हुये खरीददारी भी की है। इस दौरान पार्षद संतोष शाह भी मौजूद थे।

# प्राकृतिक आपदाओं से बचाने छात्रों को किया प्रशिक्षित

## केंद्रीय विद्यालय जयंत में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 सितम्बर। केंद्रीय विद्यालय सीडब्ल्यूएस जयंत में 11वीं एनडीआरएफ बटालियन वाराणसी द्वारा आपदा प्रबंधन के अंतर्गत विद्यार्थियों को आपदा से बचने के लिए मॉक ड्रिल के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया।**



कार्यक्रम का आयोजन सुबह की प्रार्थना सभा के पश्चात् असेंबली ग्राउण्ड में ही सभी बच्चों की उपस्थिति में हुआ। सर्वप्रथम बटालियन का नेतृत्व कर रहे श्रीनिवास मीणा व उनके साथ उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत प्रभारी प्राचार्य राजेश कुशवाहा ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया। बटालियन ने मानव निर्मित व प्राकृतिक आपदाओं के समय रखी जाने वाली सावधानियों के साथ-साथ बचाव के बारे में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। आगजनी, बाढ़, भूकंप व हृदयाघात जैसी स्थिति में स्वयं को कैसे सुरक्षित रखते हुए दूसरे की मदद करना, स्ट्रेचर वगैरह तैयार करना भी सिखाया गया।